जपले भोले जी का नाम

जपले भोले जी का नाम, ॐ नमः शिवाय,

कैलाशी काशी का वासी, बाबा डमरू वाला,
अंग भभूती भस्म रमाए, गल सर्पों की माला,
भंगिया घोटे सुबहो शाम, ॐ नमः शिवाय...

सब देवों में महादेव हैं,जाने दुनिया सारी,
द्वार तिहारे हरदम आवे, लाखों नर और नारी,
बनते सबके बिगड़े काम, ॐ नमः शिवाय...

सांचे मन से जो कोई ध्यावे,होते वारे न्यारे,
दीन दुखी को गले लगाते, भोले देव हमारे ,
बाल मंडल का पैगाम, ॐ नमः शिवाय...

गायक: गिरधर महाराज

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11740/title/japle-bhole-ji-ka-naam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |